**सुविचार**

**शिक्षा की जड़ें कड़वी होती हैं लेकिन फल मीठा होता है।**

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर




सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 49 | पंचकूला। वीरवार, 26 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## एक नजर

### पब्लिक इवेंट्स में वंदेमातरम अनिवार्य नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाने को लेकर गृह मंत्रालय के सर्कुलर के खिलाफ दायर याचिका कर दी। कोर्ट ने कहा कि पब्लिक प्लेस और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए जारी यह निर्देश अनिवार्य नहीं है। सर्कुलर को चुनौती देने वाली याचिका समय से पहले दायर की गई है। मामला CJI जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच में था। बेंच ने कहा कि गृह मंत्रालय की एडवाइजरी में वंदेमातरम न गाने पर किसी भी तरह की सजा का प्रावधान नहीं है। बेंच ने कहा– ये दिशानिर्देश केवल एक प्रोटोकॉल हैं और इनका पालन करना अनिवार्य नहीं है। जब याचिकाकर्ता के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी, या फिर उसके लिए गाना अनिवार्य किया जाएगा, तब हम इन सब बातों पर ध्यान देंगे।

### दिल्ली विधानसभा में शीशमहल पर घमासान

नई दिल्ली, 25 मार्च। दिल्ली विधानसभा में उस समय जोरदार हंगामा देखने को मिला, जब दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुए खर्चों को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने सदन में एक लंबी सूची पेश करते हुए कहा कि शीशमहल जैसे इस घर में अत्यंत महंगे और लग्जरी सामान लगाए गए हैं। प्रवेश वर्मा ने दावा किया कि मुख्यमंत्री आवास में लगाए गए जिम उपकरणों से लेकर फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक आइटम तक हर चीज बेहद महंगी है। उन्होंने कहा कि एक ट्रेडमिल की कीमत करीब 14 लाख रुपए थी और उसके लिए अलग से ट्रेनर को भी भुगतान किया गया।

### 1,800 करोड़ के बजट के साथ आईवीएफआरटी स्कीम जारी रखने की मंजूरी

नई दिल्ली, 25 मार्च। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने 1800 करोड़ रुपए के बजट परिव्यय के साथ आव्रजन, वीजा, विदेशी पंजीकरण और ट्रैकिंग (आईवीएफआरटी) योजना को 31 मार्च, 2026 के बाद भी पांच साल की अवधि के लिए 1 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2031 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। आईवीएफआरटी प्लेटफॉर्म का उद्देश्य भारत में आव्रजन, वीजा जारी करने और विदेशियों के पंजीकरण से संबंधित कार्यों को परस्पर जोड़ना और उन्हें सुव्यवस्थित करना है।

कैबिनेट की ओर से जारी प्रेस रिलीज में कहा गया कि इसका लक्ष्य वैध यात्रियों को सुविधा प्रदान करना और साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करना है। इस परियोजना को 13 मई, 2010 को आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा 1,011 करोड़ रुपए के बजट के साथ सितंबर 2014 तक की अवधि के लिए अनुमोदित किया गया था। बाद में परियोजना के लिए बजट आवंटन 2015 में संशोधित करके 638.90 करोड़ रुपए कर दिया गया था और कार्यान्वयन की समयसीमा को 31 मार्च, 2017 तक और फिर इसे बिना किसी अतिरिक्त वित्तीय बोझ के 31 मार्च, 2021 तक बढ़ा दिया गया था। फिर इस परियोजना को 01 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2026 तक पांच साल की अवधि के लिए मंत्रिमंडल ने 19 जनवरी,2022 को 1,365 करोड़ रुपए के बजट परिव्यय के साथ मंजूरी दी थी।

# शहीदों की शहादत के कारण आज हम खुली हवा में सांस ले रहे : अरुण ग्रोवर

- शहीद-ए-आज़म भगत सिंह के शहादत दिवस पर पंजाब राज्य खाद्य आयोग की ओर से पंजाब कला भवन, सेक्टर-16बी, चंडीगढ़ में कार्यक्रम आयोजित

पंचकूला ऑब्जर्वर




चंडीगढ़, 25 मार्च। शहीद-ए-आज़म भगत सिंह के शहादत दिवस पर पंजाब राज्य खाद्य आयोग की ओर से पंजाब कला भवन, सेक्टर-16बी, चंडीगढ़ में एक भव्य एवं दिल को छू लेने वाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूरे परिसर में देशभक्ति का वातावरण देखने को मिला और कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों के मन को गहराई से प्रभावित किया।

इस अवसर पर पर्यटन एवं सांस्कृतिक कार्य, ग्रामीण विकास, पंचायत एवं श्रम मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंध मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह ने विशिष्ट अतिथि रहे। तरुणप्रीत सिंह ने शहीदों को नमन किया और युवाओं को उनसे प्रेरित होने के लिए कहा।

कार्यक्रम में अमरटेक्स समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष अरुण ग्रोवर विशेष रूप पहुंचे। अरुण ग्रोवर ने कहा कि शहीदों की शहादत के कारण आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उनके साथ सामाजिक कार्यकर्ता बालमुकुंद शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रहीं। इस दौरान पंजाब राज्य खाद्य आयोग की कॉफी टेबल पुस्तक का भी विधिवत विमोचन किया गया।

कार्यक्रम में सदस्य सचिव कानू थिंद, प्रीति चावला, इंदिरा गुप्ता, विजय दत्त, चेतन प्रकाश ढालीवाल, जसवीर सिंह सेखों सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हरियाणा राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष एस.पी. कट्याल तथा पूर्व अध्यक्ष डी.पी. रेड्डी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। बोटैनिक हेल्थ के प्रबंध निदेशक गौरव सोनी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह रही कि इसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। अनेक कलाकारों द्वारा शहीद-ए-आज़म भगत सिंह के जीवन पर आधारित प्रस्तुतियां दी गई।

मैं भगत सिंह÷ नाटक का मंचन इतना प्रभावशाली रहा कि दर्शक भावुक हो उठे। कुछ क्षण ऐसे लगे मानो स्वयं शहीद-ए-आज़म मंच पर सजीव रूप में उपस्थित हों। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# पश्चिम एशिया संकट : भारतीयों की सुरक्षा, गैस सप्लाई और आत्मनिर्भरता पर सरकार का फोकस

## अब तक 3.75 लाख से ज्यादा भारतीयों को संघर्ष वाले क्षेत्रों से सुरक्षित वापस लाया जा चुका

पंचकूला ऑब्जर्वर

नई दिल्ली, 25 मार्च। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत सरकार भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, गैस और ईंधन की उपलब्धता, ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को लेकर पूरी तरह सतर्क है और हर जरूरी कदम उठा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रायसभा में बताया कि सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता नागरिकों की सुरक्षा है। अब तक 3.75 लाख से यादा भारतीयों को संघर्ष वाले क्षेत्रों से सुरक्षित वापस लाया जा चुका है, जिनमें ईरान से 700 से अधिक मेडिकल छात्र भी शामिल हैं। प्रभावित परिवारों को हर जरूरी मदद और इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने पश्चिम एशिया के कई देशों के नेताओं से दो बार बातचीत की है। भारत लगातार खाड़ी देशों, ईरान, इजरायल और अमेरिका के संपर्क में है ताकि क्षेत्र में शांति बहाल हो सके और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से पूरी तरह खोला जा सके। भारत ने साफ तौर पर नागरिकों, बुनियादी ढांचे और ऊर्जा/परिवहन सिस्टम पर हमलों का विरोध किया है और सभी पक्षों से शांतिपूर्ण समाधान की अपील की है। सरकार ने बताया कि देश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कचे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है।



### डिलीवरी के 25 दिन बाद ही दूसरा सिलेंडर बुक होगा

सरकार ने उन सभी मीडिया रिपोर्ट्स को गलत बताया है जिनमें गैस सिलेंडर बुक करने के नियमों में बदलाव की बात कही जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि अब पीएम उज्ज्वला योजना (क्क्रूढ्ढ) वाले उपभोक्ता अब 45 दिन और नॉन-PMUY उपभोक्ता दूसरा सिलेंडर 35 दिन बाद ही बुक करा सकेंगे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ किया है कि ऐसा कोई बदलाव नहीं किया गया है। रीफिल बुकिंग के पुराने नियम ही लागू रहेंगे और उनमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। यानी एक सिलेंडर डिलीवर होने के बाद दूसरे सिलेंडर की बुकिंग शहरों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद ही कर सकेंगे।

### देश में पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं, कीमतों में भी कोई बढ़ोतरी नहीं हुई

केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। देश में किसी भी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। पेट्रोल पंपों को सप्लाई करने वाले टर्मिनलों पर भी पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दिल्ली में इंटर-मिनिस्ट्रियल ब्रीफिंग के दौरान लोगों से डर और घबराहट में पेट्रोल-डीजल की खरीदारी करने से बचने की अपील की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया गया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। सुजाता शर्मा ने कहा- पैनिक बाइंग के कारण पिछले दो दिनों में कई जगहों पर पेट्रोल पंपों और रिटेल आउटलेट्स के बाहर लंबी कतारें देखी गई हैं। हम बताना चाहते हैं कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त स्टॉक है। हमारे पास सालाना करीब 26 करोड़ टन कच्चा तेल रिफाइन करने की क्षमता है।

# 160 करोड़ गबन : कोटक महिंद्रा बैंक का रिलेशनशिप मैनेजर गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर

पंचकूला। नगर निगम पंचकूला के 160 करोड़ रुपये के गबन मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने Kotak Mahindra Bank के रिलेशनशिप मैनेजर दलीप राघव को गिरफ्तार कर लिया है। देर रात सेक्टर-6 नागरिक अस्पताल में उसका मेडिकल करवाया गया।

जांच में सामने आया है कि इस पूरे घोटाले का मास्टरमाइंड बैंक का एक वरिष्ठ अधिकारी बताया जा रहा है, जो पहले सेक्टर-11 शाखा का प्रमुख रह चुका है। फिलहाल वह बैंक में ऊंचे पद पर रहते हुए स्टडी लीव पर है। उसका मकान सेक्टर-2 पंचकूला में बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, कुछ समय पहले उसके घर पर आयकर विभाग की छापेमारी भी हो चुकी है।

बताया जा रहा है कि इसी मास्टरमाइंड ने पूरे घोटाले की साजिश रची और इसमें रजत नामक व्यक्ति की भी अहम भूमिका सामने आई है। एसीबी ने बुधवार सुबह ही दलीप राघव को हिरासत में लेकर कई घंटे तक पूछताछ की, जिसमें उसने बैंक के कई अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम उजागर किए हैं। अब एसीबी इन सभी की तलाश में जुटी हुई है।

सूत्रों के अनुसार, घोटाले की शुरुआत वर्ष 2019 से ही कर दी गई थी। शुरुआत में नगर निगम की छोटी-छोटी रकम का गबन किया गया। बाद में जब यह समझ आया कि फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर निगरानी कम रहती है, तो धीरे-धीरे बड़ी राशि का गबन शुरू कर दिया गया।

जांच में यह भी सामने आया है कि करीब 160 करोड़ रुपये की रकम को प्रॉपर्टी कारोबार में निवेश किया गया। मास्टरमाइंड को पहले से अंदेशा था कि रियल एस्टेट सेक्टर में उछाल आने वाला है, इसलिए उसने अपने साथियों के साथ मिलकर कई संपत्तियों में निवेश किया।

## शहीद दिवस श्रद्धांजलि युवा इनेलो रैली बनी ऐतिहासिक

पंचकूला। शहीदी दिवस पर शहीदों को नमन करने के लिए नरवाना में आयोजित इनेलो की युवा रैली ने साबित कर दिया है कि प्रदेश का युवा भाजपा तथा कांग्रेस के झूठे वादों, आश्वासनों से उक्ता चुका है। इनेलो जिलाध्यक्ष सतिंदर टोनी, जिलाध्यक्ष शहरी मनोज अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा प्रदेश का युवा इंडियन नेशनल लोकदल के साथ मजबूती से खड़ा है। मौका आने पर चौधरी अभय सिंह को प्रदेश की बागडोर सौंपने को तैयार है। उन्होंने कहा कि रैली में पंचकूला जिला से 50 गाड़ियों के काफिले में लगभग तीन सौ से अधिक युवाओं ने भाग लिया। युवाओं को रैली में भेजने में महिला जिलाध्यक्ष सुरेश चौधरी, व्यापार जिलाध्यक्ष शिट्टू राणा, पंचकूला हलकाध्यक्ष गुरदास, कालका हलकाध्यक्ष विकास, युवा जिलाध्यक्ष राजू मौली, प्रधान जिला महासचिव भागीरथ प्रजापति, वार्ड नं 7 के सम्भावित उम्मीदवार गुरदिश का सराहनीय योगदान रहा।

## हत्या के प्रयास मामले में बेल जंपर चढ़ा पुलिस के हत्थे

पंचकूला। पंचकूला पुलिस ने कानून से बचने की कोशिश कर रहे एक शातिर आरोपी को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। थाना मनसा देवी कॉम्प्लेक्स क्षेत्र के एक गंभीर मारपीट व हत्या के प्रयास के मामले में बेल जंप कर फरार चल रहे आरोपी अंकुश उर्फ सुमित उर्फ चुप्पा को जांच अधिकारी एएसआई सुखजैंट सिंह ने टीम की मदद से गुप्त सूचना के आधार पर काबू करने में सफलता हासिल की है। मामला अक्टूबर 2022 का है, जब मानव कॉलोनी, सकेतड़ी निवासी सूरजपाल पर कुछ युवकों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से हमला किया गया था।

शिकायत के अनुसार, आरोपी नीरज ने अपने साथियों के साथ मिलकर सूरजपाल को घर से बाहर बुलाया और उस पर लाठी-डंडों व लात-घूंसों से बेरहमी से हमला कर दिया। इस हमले में सुरजपाल गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी हालत नाजुक होने पर उसे पहले सिविल अस्पताल पंचकूला और फिर सेक्टर-32 चंडीगढ़ रेफर किया गया।

# नायब सरकार के फैसले से स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती : बीबी सिंगल

पंचकूला ऑब्जर्वर

- फार्मासिस्ट भर्ती नियमों में बड़ा बदलाव, 6 माह की ट्रेनिंग खत्म, प्रत्यक्ष भर्ती 95 प्रतिशत
- बीबी सिंगल सहित फार्मेसी अधिकारियों ने हरियाणा सरकार के फैसले का किया स्वागत

पंचकूला। हरियाणा राज्य फार्मेसी काउंसिल के चेयरमैन बीबी सिंगल ने प्रदेश सरकार द्वारा फार्मासिस्टों के हित में लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद ने हरियाणा फार्मासिस्ट भर्ती नियमों में अहम संशोधनों को मंजूरी दी है, जिसके तहत बी. फार्मेसी अभ्यर्थियों के लिए 6 माह की अनिवार्य प्रशिक्षण अवधि को समाप्त कर दिया गया है। इसके साथ ही प्रत्यक्ष भर्ती का प्रतिशत 75त्न से बढ़ाकर 95त्न कर दिया गया है। बीबी सिंगल ने कहा कि यह निर्णय दर्शाता है कि सरकार ने हरियाणा स्टेट फार्मेसी काउंसिल द्वारा दिए गए सुझावों और फार्मासिस्टों के हितों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस फैसले से प्रदेश का हेल्थ केयर सिस्टम और अधिक मजबूत होगा तथा सरकारी फार्मासिस्टों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है।

उन्होंने बताया कि काउंसिल द्वारा फार्मासिस्टों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। विभिन्न संगठनों, विशेषकर हरियाणा सरकारी फार्मासिस्ट संघ द्वारा भी इस मुद्दे को लेकर काउंसिल से प्रभावी पैरवी करने का आग्रह किया गया था, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आए हैं। इस फैसले पर आभार व्यक्त करते हुए बीबी सिंगल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का धन्यवाद किया, जिन्होंने हजारों फार्मासिस्टों की मांग को गंभीरता से लेते हुए मंत्रिपरिषद में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। वहीं, टीपू सिंह, उपाध्यक्ष हरियाणा फार्मेसी काउंसिल, आल गवर्नमेंट फार्मासिस्ट्स हरियाणा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा फार्मेसी काउंसिल के कार्यकारी सदस्य अनिल परमार, रविंद्र चौप?ा ने भी इस निर्णय को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह फैसला न केवल फार्मासिस्टों के अधिकारों को सशक्त करेगा, बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी और मजबूत बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगा। संगठन ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी फार्मासिस्टों के हित में ऐसे सकारात्मक कदम उठाए जाते रहेंगे। आल गवर्नमेंट फार्मासिस्ट्स हरियाणा के अध्यक्ष एवं फार्मेसी अधिकारी जगदीप सिंह की भी भूरी-भूरी प्रशंसा की, जिन्होंने इन मुद्दों को लेकर काफी लंबे समय से संघर्ष किया।

**प्रोत्साहन** | वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कहा-छोटे को-ऑपरेटिव को मजबूत करना

# को-ऑपरेटिव डिविडेंड इनकम पर तीन साल तक मिलेगी टैक्स छूट

पंचकूला ऑब्जर्वर

नई दिल्ली, 25 मार्च। केंद्र सरकार की ओर से बुधवार को को-ऑपरेटिव डिविडेंड इनकम पर बड़ा ऐलान किया गया। अब नेशनल को-ऑपरेटिव फेडरेशन से आने वाली डिविडेंड आय पर तीन साल की टैक्स छूट मिलेगी। इस कदम का उद्देश्य देश के छोटे को-ऑपरेटिव को मजबूत करना है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि इस टैक्स छूट का उद्देश्य को-ऑपरेटिव में कम हिस्सेदारी वाले सदस्यों को प्रोत्साहन देना है, जिससे अधिक संख्या में लोग को-ऑपरेटिव से जुड़े।

वित्त मंत्री ने कहा कि को-ऑपरेटिव, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) और किसान मिलकर देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने और रोजगार के अवसर पैदा करने में अहम भूमिका निभाएंगे। फाइनेंस बिल पर चर्चा के दौरान बोलते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि समावेशी विकास के लिए लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), किसानों और को-ऑपरेटिव को सशक्त बनाना आवश्यक है।



वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, ÷ये क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, और विभिन्न उद्योगों और क्षेत्रों में रोजगार सृजन में सहायक हैं।

### फाइनेंस बिल में डेटा सेंटर सेवाओं से संबंधित नया प्रावधान

वित्त मंत्री ने फाइनेंस बिल में डेटा सेंटर सेवाओं से संबंधित एक नए प्रावधान के बारे में भी बताया। वित्त मंत्री के मुताबिक, सेफ हार्बर नियम के तहत, संबंधित विदेशी संस्थाओं को ऐसी सेवाएं प्रदान करने वाली भारतीय कंपनियों को लागत पर 15 प्रतिशत का मार्जिन मिलेगा। सीतारमण ने कहा, 卐इससे यह सुनिश्चित होगा कि भारत में परिचालन वास्तविक और लाभदायक बना रहे, साथ ही वास्तविक व्यावसायिक गतिविधि के बिना फर्जी संस्थाओं के निर्माण को रोका जा सकेगा। सरकारी वित्त को लेकर उठ रही चिंताओं को दूर करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि कुछ मामलों में केंद्र ने उपकर और अधिभार के रूप में एकत्र की गई राशि से अधिक खर्च किया है, जो दर्शाता है कि निधियों का उपयोग जन कल्याण के लिए किया जा रहा है। वित्त मंत्री सीतारमण ने आगे घोषणा की कि तकनीकी चूक के लिए लगने वाले जुर्माने को अब निश्चित शुल्क में परिवर्तित कर दिया जाएगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, 卐इस कदम से व्यवसायों के लिए अनिश्चितता कम होने और अनुपालन आसान होने की उम्मीद है।

# सर्वाधिक लिंगानुपात प्राप्त करने के लिए मिला सम्मान

पंचकूला ऑब्जर्वर

पंचकूला। महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा द्वारा पंचकूला जिले को बेटी बचाओ बेटी प?ाओ योजना के अंतर्गत वर्ष 2025 में राज्य का सर्वाधिक लिंगानुपात प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, पंचकूला डॉ. सविता नेहरा तथा जिला मिशन समन्वयक श्रीमती किरण भाटिया को महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री श्रुति चौधरी द्वारा सम्मानित किया गया।

यह उपलब्धि पंचकूला जिले के निरंतर प्रयासों और समर्पित कार्यशैली का परिणाम है। जिले में लिंगानुपात सुधारने हेतु डॉ. सविता नेहरा एवं उनकी टीम द्वारा विभिन्न स्तरों पर प्रभावी पहल की गई।



ग्रासरूट स्तर पर उन गर्भवती महिलाओं से दूरभाष के माध्यम से नियमित संपर्क स्थापित किया गया, जिन महिलाओं के पास पहले से बेटियां हैं। दूरभाष पर संपर्क के दौरान उन महिलाओं को लिंग जांच करना तथा करवाना गैरकानूनी है, इस बारे भी जागरूक किया गया ताकि गर्भपात के मामलों को रोका जा सके।

इन समर्पित प्रयासों के फलस्वरूप वर्ष 2025 में पंचकूला जिले ने 971 का लिंगानुपात प्राप्त कर हरियाणा राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया, जो अब तक का सर्वाधिक (हाईस्ट) लिंगानुपात है।

इस उपलब्धि के लिए सभी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों, सुपरवाइजरों तथा आंगनबा?ी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं।

# ‘आप’ सरकार का 4 साल का रिपोर्ट कार्ड हर गांव, गली व घर-घर तक पहुंचाया जाएगा: अरोड़ा

**कहा-सभी मंत्री, विधायक, चेयरमैन, सरपंच, पंच, एम.सी., जिला प्रधान और पार्टी वालंटियर इस पहुंच अभियान में लेंगे हिस्सा**

**‘आप’ सरकार ने 4 साल में वह कर दिखाया जो दूसरे 70 साल में नहीं कर सके, कामों को लोगों के सामने रखने के लिए बड़ा अभियान शुरू**



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 25 मार्च।** पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रधान अमन अरोड़ा ने बुधवार को भगवंत मान सरकार के चार साल पूरे होने के अवसर पर राज्य स्तरीय बड़े जन अभियान की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ‘आप’ सरकार ने राज्य के प्रमुख क्षेत्रों की तस्वीर बदलते हुए पारदर्शी, जवाबदेह और जन-हितैषी शासन प्रदान किया है। ‘आप’ पंजाब अध्यक्ष ने बताया कि यह अभियान अगले 10 दिनों में 16,000 रैलियों, जनसभाओं और नुक्कड़ बैठकों के माध्यम से सरकार का रिपोर्ट कार्ड सीधे जनता तक पहुँचाएगा।

बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अमन अरोड़ा ने कहा कि कल से एक विशाल जन अभियान शुरू होगा, जिसके तहत अगले 10 दिनों में पूरे पंजाब में 16,000 रैलियाँ, जनसभाएँ और नुक्कड़ बैठकें आयोजित की जाएंगी। यह अभियान भगवंत मान सरकार के चार साल पूरे होने का प्रतीक है, जिसने अरविंद केजरीवाल के वैचारिक नेतृत्व में बेहतरीन, पारदर्शी और जवाबदेह शासन दिया है। उन्होंने आगे कहा कि इस अभियान में मंत्री, विधायक, चेयरमैन, सरपंच, पंच, एम.सी., जिला प्रधान और पार्टी वालंटियर शामिल होंगे, जो सरकार का रिपोर्ट कार्ड लेकर हर गाँव, गली और घर-घर तक पहुँचेंगे। अमन अरोड़ा ने कहा, ÷हम अपना चार साल का रिपोर्ट कार्ड हर गाँव और हर घर तक लेकर जाएंगे।

पार्टी की वैचारिक नींव के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि पहले दिन से ही अरविंद केजरीवाल ने स्पष्ट कर दिया था कि हम राजनीति करने नहीं, बल्कि राजनीति बदलने आए हैं। उनकी राजनीति दो सिद्धांतों पर आधारित है–ईमानदार राजनीति और काम के जरिए विकास। आज पंजाब का बच्चा-बच्चा मानता है कि इन चार सालों में हुआ काम पिछले 70 सालों की उपलब्धियों से कहीं अधिक है।

उपलब्धियों का विवरण देते हुए अमन अरोड़ा ने बताया कि पंजाब के हर परिवार को अब 10 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मिल रहा है, जो देश में एक अनोखी योजना है। स्कूल और अस्पताल पूरी तरह बदल चुके हैं। 881 आम आदमी क्लीनिक पहले ही चल रहे हैं और आने वाले दिनों में 100 से अधिक और क्लीनिक खोले जाएंगे, जिससे कुल संख्या 1000 हो जाएगी।

खेलों के बुनियादी ढांचे के बारे में उन्होंने कहा कि 3,000 खेल स्टेडियम बनाए जा चुके हैं और 6,000 से अधिक निर्माणाधीन हैं। पाँच साल का कार्यकाल पूरा होने तक हर गाँव में खेल स्टेडियम होगा, ताकि बच्चे, युवा और बुजुर्ग शारीरिक रूप से सक्रिय रहें और नशे से दूर रहें।

वित्तीय चुनौतियों के बावजूद विकास कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ÷केंद्र द्वारा ग्रामीण विकास फंड (आरडीएफ) के 8,300 करोड़ रुपये से अधिक रोकने के बावजूद, पंजाब 40,000 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण कर रहा है। सड़क सुरक्षा बल (एसएसएफ) विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त सेवा के रूप में उभरा है, जिसका रिस्पॉन्स टाइम मात्र 4 से 5 मिनट है और इसने हजारों जानें बचाई हैं।÷

खेती और सिंचाई के बारे में उन्होंने कहा कि नहर का पानी लाखों किसानों के खेतों के अंतिम छोर तक पहुँच गया है, जिससे 20 वर्षों का इंतजार खत्म हुआ है। केंद्र सरकार की ताजा रिपोर्ट के अनुसार कई ब्लॉकों में भूजल स्तर पाँच फीट तक बढ़ा है। किसानों को अब खेतों में रातें नहीं बितानी पड़तीं, क्योंकि पंजाब सरकार कृषि पंपों के लिए दिन में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने वित्तीय प्रदर्शन और रोजगार के बारे में बताया कि आबकारी राजस्व 27,000 करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 57,000 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि जीएसटी संग्रह 12,000 करोड़ रुपये से दोगुना होकर 30,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। 65,000 से अधिक सरकारी नौकरियाँ पूरी तरह मेरिट के आधार पर दी गई हैं। जीवीके थर्मल प्लांट खरीदने से पंजाब को बड़ा राजस्व लाभ मिलेगा।

वायदों को पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने कहा कि ÷हम वह पार्टी हैं जो वादों से अधिक काम करती है। हमने सभी पाँच गारंटी पूरी की हैं।

शहीद सैनिकों के परिवारों को 1 करोड़ रुपये और हर घर को 300 यूनिट मुफ्त बिजली पहले साल में ही लागू कर दी गई थी। इस बजट में महिलाओं के लिए 1,000 रुपये प्रति माह और दलित माताओं-बहनों के लिए 1,500 रुपये का प्रावधान किया गया है। पारंपरिक पार्टियों से तुलना करते हुए अमन अरोड़ा ने कहा कि हम कांग्रेस, भाजपा या अकाली दल जैसे नहीं हैं, जो चुनाव से पहले झूठे वादे करते हैं और बाद में उन्हें पूरा नहीं करते। हम यहाँ चुनावी जुमले बनाने नहीं आए हैं, बल्कि ईमानदारी और विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। अंत में उन्होंने कहा कि हमें अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन और भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में किए गए कामों पर पूरा भरोसा है। पंजाब के लोगों के लिए हमारा संदेश स्पष्ट है–यदि आप हमारे प्रयासों से संतुष्ट हैं तो हम आपका समर्थन चाहते हैं, और यदि नहीं, तो हम आपके फैसले का सम्मान करेंगे।

### लालजीत भुल्लर को हटाना और गिरफ्तार करना पंजाब में गलत कामों के प्रति जीरो टॉलरेंस को दर्शाता है: अमन अरोड़ा

जवाबदेह शासन और राजनीतिक संरक्षण की संस्कृति के बीच स्पष्ट अंतर रेखांकित करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने जोर देकर कहा कि पंजाब सरकार ने लालजीत भुल्लर को तुरंत पद से हटाने और गिरफ्तार करने सहित गलत कार्यों के खिलाफ तेजी और दृढ़ता से कार्रवाई कर एक नया मानदंड स्थापित किया है। ‘आप’ पंजाब प्रधान ने कहा कि जहां ‘आप’ सरकार में अपने ही लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने और सच्चाई को कायम रखने का साहस है, वहीं भाजपा की अगुवाई वाली हरियाणा सरकार एडीजीपी की दुखद आत्महत्या के मामले में आरोपियों को बचा रही है। उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस और अकाली दल की सरकारें परंपरागत रूप से बिना किसी जांच के क्लीन चिट दे देती थीं। मीडिया के एक सवाल के जवाब में अमन अरोड़ा ने पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति ‘आप’ सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि गलत कार्यों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई कर सरकार ने अपनी नीयत स्पष्ट कर दी है। अमन अरोड़ा ने कहा कि पंजाब सरकार की नीयत की स्पष्टता सभी देख सकते हैं। हमारी सरकार आरोपों पर तुरंत कार्रवाई करती है। लालजीत भुल्लर को तुरंत हटाया गया और गिरफ्तार किया गया। हम जवाबदेही के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके विपरीत, भाजपा की अगुवाई वाली हरियाणा सरकार एडीजीपी की दुखद आत्महत्या के आरोपियों को संरक्षण दे रही है। पिछली सरकारों से तीखा अंतर बताते हुए अमन अरोड़ा ने कहा कि ‘आप’ सरकार सत्ता में बैठे लोगों को बचाने की पुरानी परंपरा का पालन नहीं करती, बल्कि सच्चाई और जवाबदेही को सर्वोपरि रखती है। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस और अकाली दल के शासन को देखें तो उनके नेताओं पर गंभीर आरोप लगते थे, लेकिन बिना किसी जांच के उन्हें तुरंत क्लीन चिट मिल जाती थी। ‘आप’ सरकार अलग है–हममें सच्चाई बोलने, गलती स्वीकार करने का साहस है और हम अपने लोगों को भी नहीं बचाते।

# सात किलोग्राम हेरोइन सहित नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले मॉड्यूल से जुड़े दो गिरफ्तार

- **जांच के अनुसार गिरफ्तार आरोपी हेरोइन की खेप की डिलीवरी में सक्रिय रूप से शामिल थे: गौरव यादव**




पंचकूला ऑब्जर्वर

**अमृतसर, 25 मार्च।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले मॉड्यूल के दो सदस्यों को 7 किलोग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार कर इस मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह जानकारी आज यहां पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान इंद्रजीत सिंह निवासी कलसियां खुर्द, तरनतारन और रविंदर शर्मा निवासी गुरबख्श नगर, नया कोट, अमृतसर के रूप में हुई है। नशीले पदार्थों की बरामदगी के अलावा पुलिस टीमों ने उनकी मारुति सुजुकी ब्रेजा कार (रजिस्ट्रेशन नंबर पी बी 39एल 7651) और एक मोटरसाइकिल हीरो पैशन (रजिस्ट्रेशन नंबर पीबी 02बी यू 2253), जिसका उपयोग खेप की डिलीवरी के लिए किया जाता था, को भी जब्त कर लिया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी हेरोइन की खेप की ढुलाई में सक्रिय रूप से शामिल थे और संभवतः इस क्षेत्र में सक्रिय एक बड़े नशीले पदार्थों के नेटवर्क का हिस्सा हैं। इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सीआई अमृतसर की पुलिस टीमों को विशेष सूचना मिली थी कि संदिग्ध इंद्रजीत सिंह और रविंदर शर्मा हेरोइन की एक बड़ी खेप की डिलीवरी के संबंध में अमृतसर में झब्बाल रोड, अड्डा बोहड़ू के पास दरिया के किनारे वाले रास्ते पर आने वाले हैं।

डीजीपी ने बताया कि तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने इलाके के आसपास नाकाबंदी की और दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान इंद्रजीत सिंह की कार की ड्राइवर सीट के नीचे से 4 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई, जबकि रविंदर शर्मा के पास से 3 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस मामले में आगे-पीछे के संबंधों को स्थापित करने के लिए जांच जारी है। इस संबंध में एफआईआर नंबर 19 दिनांक 25-03-2026 को थाना स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल, अमृतसर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 25 और 29 के तहत दर्ज की गई है।

# लुधियाना में टायर फटने से रिट्ज स्विफ्ट से टकराई

## 2 की मौत, 5 घायल, रॉड से खिड़कियां तोड़ निकाले; परिजन बिना पोस्टमॉर्टम लाश ले जाने पर अड़े

पंचकूला ऑब्जर्वर

**लुधियाना, 25 मार्च।** लुधियाना में बुधवार को दो कारों की टक्कर हो गई। इसमें 2 लोगों की मौत हो गई। जबकि 5 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हादसा लुधियाना-फिरोजपुर रोड पर गांव शेखूपुरा के पास हुआ। टक्कर के कारण दोनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। लोग रॉड से खिड़कियां तोड़कर घायलों को निकालते दिखे।

जानकारी के अनुसार, मोगा की ओर से लुधियाना आ रही रिट्ज कार जब गांव शेखूपुरा के पास पहुंची, तो उसका पिछला टायर फट गया। टायर फटने से गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया। इससे कार डिवाइडर पार कर सामने से आ रही स्विफ्ट कार से जा टकरा गई।






### दोनों गाड़ियों में सवार लोग घायल

रिट्ज कार में सवार हरशदीप सिंह और देवकरण सिंह निवासी खोसा रंधीर (लुधियाना) गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, स्विफ्ट कार में सवार लालदीन, सिरजदीं, मामूसैन और शानू निवासी ताजपुर रोड, लुधियाना को भी गंभीर चोटें आईं।

### एक की मौके पर तो दूसरे की अस्पताल में मौत

स्विफ्ट कार के ड्राइवर गाऊदीन (35) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, घायलों में शामिल सिरजदीं (30) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सभी मोगा में भोग पर जा रहे थे

खासी कलां (लुधियाना) निवासी सिपाइया का कहना है कि ये सभी मोगा में भोग पर जा रहे थे। रास्ते में एक्सीडेंट हो गया है। मेरे भाई सिरजदीं की मौत हो गई। उसकी 3 बेटियां व एक बेटा है। हम कोई कार्रवाई नहीं करना चाहते हैं। गाऊदीन के 4 बेटे और एक बेटी है। इनका दूध का काम था।

### परिजनों ने पोस्टमॉर्टम से किया इनकार

मृतक के परिजनों ने सिविल अस्पताल की मॉर्च्युरी में शव रखने से इनकार कर दिया। परिजन शव को गाड़ी में रखकर ले जाने की कोशिश करने लगे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें समझाया कि सड़क हादसे के मामलों में कानूनी प्रक्रिया पूरी होने और पोस्टमॉर्टम के बाद ही शव परिजनों को सौंपा जाता है। हालांकि, परिजन पोस्टमॉर्टम न करवाने की जिद पर अड़े हैं। फिलहाल पुलिस परिजनों को समझाने में जुटी हुई है।

### आरसीएफ कपूरथला ने तैयार की पहली वंदे भारत ट्रेन; 16 कोच वाला सेट सौंपे जाने के लिए तैयार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**कपूरथला, 25 मार्च।** स्वदेशी रेलवे निर्माण क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में, रेल कोच फैक्ट्री (आरसीएफ) कपूरथला ने अपनी पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का सफलतापूर्वक निर्माण कर लिया है। अत्याधुनिक 16 कोचों वाला यह ट्रेन सेट अब अपने अंतिम चरण में है और सेवा में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

इस महीने के अंत तक इसे परिचालन के लिए सौंप दिया जाएगा, जो देश में उन्नत ट्रेन निर्माण क्षमताओं के विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

पंजाब के आधिकारिक दौरे पर आए छत्तीसगढ़ के 14 सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को आरसीएफ कपूरथला का दौरा किया। इस दौरान पत्रकारों ने कच्चे स्टील से लेकर पूरी तरह से सुसज्जित, यात्री-तैयार आधुनिक रेलवे कोच बनाने की पूरी प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा।

प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए उप महाप्रबंधक अमन कुमार ने वंदे भारत कोचों के नवीनतम संस्करण में शामिल तकनीकी प्रगति के बारे में विस्तार से बताया। आरसीएफ कपूरथला प्रतिवर्ष लगभग 2,200 से 2,300 कोचों का निर्माण कर रहा है।

# सरकार कर्मचारियों की शिकायतों को निष्पक्ष तरीके से हल करने के लिए प्रतिबद्ध: चीमा

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़, 25 मार्च।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कर्मचारियों की शिकायतों के समाधान के लिए गठित कैबिनेट सब-कमेटी के चेयरमैन के रूप में आज पंजाब भर की विभिन्न कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधियों की लंबित मांगों और चिंताओं को हल करने के लिए अपने कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठकें कीं।

इन बैठकों के दौरान वित्त मंत्री ने मेरिटोरियस स्कूल टीचर्स यूनियन, अध्यापक इंसाफ कमेटी, फायर ब्रिगेड आउटसोर्स कर्मचारी यूनियन, फायर ब्रिगेड कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी यूनियन तथा जंगलात विभाग वर्कर्स यूनियन सहित कई यूनियनों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ सीधी बातचीत की। वित्त मंत्री ने संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में उनके मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की और यह सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए कि यूनियनों द्वारा उठाई गई सभी जायज़ मांगों पर जल्द से जल्द विचार कर उनका समाधान किया जाए। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, ‘मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार कर्मचारियों के कल्याण को सुरक्षित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि उनकी जायज़ मांगों को समयबद्ध तरीके से हल किया जाए।’

भगवंत मान सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि कैबिनेट सब-कमेटी कर्मचारी प्रतिनिधियों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय कर रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एक पारदर्शी और जवाबदेह प्रणाली के माध्यम से उनकी चिंताओं को सुना और हल किया जाए। इन बैठकों के दौरान मेरिटोरियस स्कूल टीचर्स यूनियन से डॉ. टीना और अजय कुमार, अध्यापक इंसाफ कमेटी से विक्रम देव सिंह, दिग्विजय पाल शर्मा, सुखविंदर सिंह चाहल और बाज सिंह, फायर ब्रिगेड आउटसोर्स कर्मचारी यूनियन से साहिब सिंह, गुरविर्यम सिंह और सुखजीत सिंह, फायर ब्रिगेड कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी यूनियन से सोभा सिंह, तथा जंगलात वर्कर्स यूनियन से मख्खन सिंह वाहिदपुरी, अमरीक सिंह, जसविंदर सिंह, सतनाम सिंह, रवि कुमार और शिंदरपाल सिंह ने अपनी-अपनी यूनियनों के मुद्दे प्रस्तुत किए।

### आत्महत्या मामले की जांच हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा न्यायाधीश की देखरेख में हो : वड़िंग

**चंडीगढ़, 25 मार्च।** पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने बुधवार को स्पष्ट किया कि वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक डॉ. गगनदीप सिंह रंधावा की आत्महत्या के मामले में उन्होंने सीबीआई जांच का विरोध नहीं किया है, बल्कि केवल इस बात पर जोर दिया है कि कोई भी जांच उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश की देखरेख में होनी चाहिए। वड़िंग ने उन सुझावों का कड़ाई से खंडन किया कि उन्होंने सीबीआई जांच की मांग का विरोध किया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत रूप से उन्हें लगता है कि भाजपा शासन के तहत सीबीआई ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है और मामलों को तार्किक निष्कर्ष तक ले जाने में उसका रिकॉर्ड खराब रहा है। इसीलिए वह न्यायिक निगरानी चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने संसदीय सहयोगियों के साथ खड़े हैं। उन्होंने पत्र पर हस्ताक्षर इसलिए नहीं किए क्योंकि उस दिन वह दिल्ली में नहीं, बल्कि शहीद भगत सिंह के शहीदी दिवस समारोह के सिलसिले में खटकड़ कलां में थे। उन्होंने पूछा, ÷इतने दिन बीत जाने के बाद भी गृह मंत्री ने जांच के आदेश क्यों नहीं दिए? क्या गृह मंत्री को किसी जांच का आदेश देने के लिए पत्र की आवश्यकता होती है?

# स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार: ‘मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना’ लोगों के लिए वरदान

- **स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह का दावा–1.60 लाख लोगों को 191 करोड़ रुपये का मुफ्त इलाज, स्वास्थ्य मॉडल की देशभर में हो रही सराहना**



पंचकूला ऑब्जर्वर

**पटियाला, 25 मार्च।** पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना राज्य के लोगों के लिए एक बड़ी राहत बनकर उभरी है। इस योजना के तहत अब तक 1.60 लाख से अधिक लोगों ने लगभग 191 करोड़ रुपये का मुफ्त इलाज प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने पिछले चार वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। राज्य का स्वास्थ्य मॉडल अब अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण बनता जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पटियाला के सरकारी राजिंदरा अस्पताल और माता कौशल्या अस्पताल के उन्नयन से राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव आया है। बुनियादी ढांचे के साथ-साथ आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को भी तेजी से विकसित किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि इस योजना के अंतर्गत लगभग 65 लाख परिवारों को कवर करने का लक्ष्य है, जिसके लिए 3 करोड़ लोगों के स्वास्थ्य कार्ड बनाए जाने हैं। अब तक 25 लाख स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे समय रहते अपने कार्ड बनवाएं। डॉ. सिंह ने बताया कि राज्य में 9 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें फतेहगढ़ साहिब और ईएसआई लुधियाना पहले ही शुरू हो चुके हैं। अन्य जिलों में निर्माणाधीन कॉलेजों में 600 नई एमबीबीएस सीटें जोड़ी जाएंगी। इसके साथ ही डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर भर्तियां की गई हैं। उन्होंने बताया कि सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक उपकरण खरीदे जा रहे हैं और 22 जिलों में 50-50 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक स्थापित किए जा रहे हैं। मुफ्त दवाइयों के साथ डायग्नोस्टिक सेवाओं का भी विस्तार किया जा रहा है। जल्द ही सभी जिला अस्पतालों में एमआरआई तथा अन्य अस्पतालों में सीटी स्कैन की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्वास्थ्य जांच के तहत महिलाओं में स्तन और सर्वाइकल कैंसर के मामलों की पहचान की गई है, वहीं आंखों की जांच में हजारों लोगों में दृष्टि संबंधी समस्याएं सामने आई हैं। उन्होंने ‘युद्ध नशों के विरुद्ध’ अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने नशे की मांग को कम करने के साथ-साथ नशा पीड़ितों के इलाज और पुनर्वास के लिए मजबूत व्यवस्था विकसित की है।

### भगवंत सिंह मान की पहल पर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत बीमारी से जूझ रही 1 वर्षीय बच्ची को मिला जीवनरक्षक इलाज

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत इलाज प्राप्त करने वाले नवजात और छोटे बच्चों की बढ़ती संख्या के साथ, भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि नाजुक समय में चिकित्सा सहायता बिना किसी देरी के शुरू हो। श्री मुक्तसर साहिब में 1 साल की बच्ची ख्वाहिश को निमोनिया के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसे तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी। पहले ऐसे कई मामलों में परिवारों को इलाज शुरू होने से पहले धन की व्यवस्था करना, दस्तावेज पूरे करना या मंजूरी का इंतजार करना पड़ता था। हालांकि, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत इस अंतर को समाप्त कर दिया गया है। स्वास्थ्य कार्ड पहले से बना होने के कारण दीप अस्पताल में डॉ. मोनिका गर्ग की निगरानी में बिना किसी अग्रिम भुगतान के तुरंत इलाज शुरू कर दिया गया। परिवार को न तो पैसों की व्यवस्था करनी पड़ी और न ही सत्यापन प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ा, जिससे डॉक्टरों को नाजुक समय में इलाज शुरू करने में मदद मिली।

# कंगना रनोट की बठिंडा कोर्ट में वीसी से पेशी

## बुजुर्ग महिला ने दायर किया है मानहानि का मामला, अगली सुनवाई 7 अप्रैल को

पंचकूला ऑब्जर्वर

**बठिंडा, 25 मार्च।** हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद कंगना रनोट के मानहानि मामले की अगली सुनवाई आज बठिंडा अदालत में हुई। कंगना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश हुईं।

इस दौरान एक गवाह जसवीर सिंह का बयान दर्ज किया गया। मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल 2026 को निर्धारित की गई है।

वकील रघबीर सिंह बहनीवाल ने बताया कि माता महिंदर कौर मानहानि मामले में उनकी ओर से दो गवाह पेश किए जाने थे। हालांकि, सुरजीत सिंह फूल नामक एक गवाह को सुबह किसी आवश्यक कार्य के लिए जाना पड़ा, जिसके कारण केवल जसवीर सिंह का बयान दर्ज हो सका।

इस बीच, कंगना से जुड़े पासपोर्ट सीलिंग मामले में आज कोई सुनवाई नहीं हुई। यह मामला दिल्ली में कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान शुरू हुआ था। उस समय कंगना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की थी।



### सुप्रीम कोर्ट में इस मामले को खत्म करने का अनुरोध कर चुकी हैं कंगना

बठिंडा के गांव बहादुरगढ़ जंडिया निवासी महिंदर कौर ने याचिका दायर की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि कंगना ने अपनी पोस्ट में कहा था कि ‘ऐसी महिलाएं धरने पर 100-100 रुपये लेकर आती हैं’, जिससे उनकी मानहानि हुई। महिंदर कौर ने उसी दिन से मानहानि का मुकदमा दायर किया था। कुछ समय पहले कंगना ने सुप्रीम कोर्ट में इस मामले को खत्म करने का अनुरोध किया था, लेकिन शीर्ष अदालत ने इसे स्वीकार नहीं किया।

## एक नजर

### मां भगवती जागरण का आयोजन आज

**रादौर.** जय दुर्गा मंदिर माता मोहल्ला में वीरवार 26 मार्च को रात 9 बजे 57वें मां भगवती जागरण का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार 25 मार्च को शाम 7 बजे मां कालरात्रि की विशेष आरती के आयोजन के साथ होगी। वहीं शुक्रवार 27 मार्च को सुबह 7 बजे आरती व दोपहर 12 बजे कार्यक्रम की समाप्ति पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। यह जानकारी देते हुए जय दुर्गा मंदिर समिति प्रबंधक अरविंद रोहिल ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाए। इस अवसर पर अरविंद रोहिल, राजीव रोहिला, कृष्ण गोपाल रोहिला, धर्मवीर रोहिला, मुकेश रोहिल, मास्टर पवन रोहिला, दिनेश, राजेश, विनोद, मास्टर बलजीत रोहिला, हरि सिंह आदि उपस्थित रहे।

### एथलेटिक मीट का आयोजन

**रादौर.** पॉलिटेक्निक दामला के विद्यार्थियों ने सरकारी पॉलिटेक्निक, झज्जर में आयोजित इंटर-पॉलिटेक्निक एथलेटिक मीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया। एथलेटिक मीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों ने कुल 3 स्वर्ण, 5 रजत एवं 4 कांस्य पदक प्राप्त किए, जो उनकी मेहनत, अनुशासन एवं खेल भावना का परिचायक है। व्यक्तिगत उपलब्धियों के साथ-साथ संस्थान ने टीम इवेंट्स में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गर्ल्स रिले रेस में द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं रनिंग ट्रॉफी, बॉयज़ रिले रेस में द्वितीय स्थान, बेस्ट एथलेटिक्स गर्ल्स में तृतीय स्थान व बेस्ट एथलीट (बॉयज़) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य इंजि. अनिल कुमार ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके प्रयासों एवं शिक्षक प्रभारियों के मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, समर्पण एवं टीम भावना का परिणाम हैं और अन्य विद्यार्थियों को भी खेल एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती हैं। संस्थान प्रबंधन ने सभी विजेताओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### संदीप अग्रवाल बने नए प्रधान

टोहाना. 23.03.2026 को हरियाणा व्यापार मण्डल शाखा टोहाना की प्रबन्धक कमेटी के द्वारा नये प्रधान की नियुक्ति की गयी जिसमें 12 सदस्यां में से 11 सदस्यों जिसमें लक्षमण दास बांसल उप-प्रधान मार्किट कमेटी, सुभाष गोयल पूर्व प्रधान व्यापार मण्डल, राज जैन, प्रेम सिंगला, सुरेन्द्र जैन प्रधान लक्कड़ मार्किट ऐसोसियेशन, ललित मोहन प्रभाकर प्रधान ब्राहमण सभा, सतपाल कौचर पूर्व सचिव स्वर्ग आश्रम समिति, लवली मड़िया पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, रमेश अरोड़ा पूर्व प्रचार सचिव, अशोक हिन्दुस्तानी पूर्व प्रधान राईस मिलर्स ऐसोसियेशन, जिम्मी पाहवा पूर्व उपप्रधान व्यापार मण्डल मीटिंग में उपस्थित रहे व सभी ने सर्वसम्मति से श्री संदीप अग्रवाल 'बीरू' को नया प्रधान चुने जाने पर अपनी-अपनी सहमति जतायी व सर्वसम्मति से संदीप अग्रवाल 'बीरू' को आगामी कार्यकाल के लिए प्रधान चुना गया। इस अवसर पर सतपाल कौचर, लवली मड़िया, सुरेन्द्र जैन, सुभाष गोयल, लक्ष्मन दास बांसल, रमेश अरोड़ा, राज जैन, प्रेम सिंगला, जिम्मी पाहवा, सुरेन्द्र बजरंगी, अशोक हिन्दुस्तानी, मुनीष शर्मा, सुरेन्द्र गोयल, अमृत गोयल, विपन कुमार, अनिल कुमार, पवन बांसल, अजय मोदी, राजेन्द्र सिंगला, ललित मोहन प्रभाकर, राजीव कुमार, प्रिन्स वर्मा, दीपक कुमार तथा अन्य दुकानदार एवं व्यापारी सदस्य उपस्थित हुए।

### 'नो नशा नेशन' अभियान के चौथे चरण का आयोजन

**नारायणगढ़.** डीएवी विद्यालय द्वारा 'नो नशा नेशन' अभियान के चौथे चरण का आयोजन गांव बरौली शिव मंदिर में बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के माननीय प्रधान डॉ. पूनम सूरी जी के 79वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री योगी सूरी जी के प्रेरणादायक नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की विशेषता 100 कुण्डीय महायज्ञ रही, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आर.पी. राठी ने की, मार्गदर्शन श्री धर्मपाल शास्त्री एवं सीनियर कोऑर्डिनेटर श्री पी.के. शर्मा ने दिया। कार्यक्रम में गांव बरौली के सरपंच श्री कर्मचंद, श्री नीरज (चेयरमैन शाहपुर नूर्द), श्री रामपाल (पूर्व सरपंच), श्री रामपाल (नंबरदार), श्री अमरजीत (पूर्व सरपंच), श्री राजविंदर (ब्लॉक समिति सदस्य), श्री रविंदर (आर्य समाज सदस्य), श्री राजबीर, श्री सुभाष (पंच), श्री राकेश बंसल, श्री संजय बंसल सहित अनेक गणमान्य अतिथियों, अभिभावकों और सामाजिक संगठनों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ जागरूकता रैली के साथ हुआ, जिसके माध्यम से नशा मुक्त समाज का संदेश दिया गया। इसके पश्चात शिव मंदिर बरौली में सभी उपस्थित जनों ने हवन कुंड में आहुति डालकर नशा विरोधी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। श्री रविंदर आर्य जी ने यज्ञ के दौरान अग्नि के महत्व पर प्रकाश डाला और पूर्णाहुति सम्पन्न करवाई। इस अवसर पर मास्टर ओमप्रकाश जी ने विद्यालय के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। प्रधानाचार्य डॉ. आर.पी. राठी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों और उपस्थित जनसमूह को नशा के विरुद्ध शपथ दिलाई और बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखना है।

### टोहाना के कर्मचारियों ने खो-खो में जीते पदक, पुणे में हरियाणा का बढ़ाया मान



**टोहाना.** महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा खो-खो प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में टोहाना एसडीएम कार्यालय में कार्यरत दो कर्मचारियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए। एसडीएम कार्यालय टोहाना में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में कार्यरत राजीव और सीमा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। राजीव ने पुरुष टीम के सदस्य के रूप में खेलते हुए अपनी टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं, सीमा ने महिला टीम की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम को रजत पदक दिलाया। इस उपलब्धि पर एसडीएम आकाश शर्मा ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सरकारी दायित्वों के साथ-साथ खेलों में इस तरह की उपलब्धि हासिल करना प्रेरणादायक है। राजीव और सीमा ने अपनी सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह उनके जीवन का बेहद यादगार क्षण है। उन्होंने बताया कि नौकरी के साथ खेल के लिए समय निकालना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन विभागीय अधिकारियों और सहकर्मियों के सहयोग से यह संभव हो पाया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से एसडीएम कार्यालय टोहाना सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# 1,588 विवादित गाने के यूआरएल की रिपोर्ट किए गए

## रैपर बादशाह के विवादित टटीरी सांग पर फिर पुलिस ने लिया बड़ा एक्शन



पंचकूला ऑब्जर्वर

**करनाल.** हरियाणा में रैपर बादशाह के विवादित टटीरी सांग पर फिर बड़ा एक्शन पुलिस ने किया है। टटीरी सॉन्ग से संबंधित कुल 1,588 विवादित गाने के यूआरएल की रिपोर्ट किए गए। जिनको हरियाणा पुलिस की साइबर ब्रांच की ओर से हटा दिया गया। पुलिस की ओर से बताया गया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब पर 525 यूआरएल, इंस्टाग्राम पर 967 यूआरएल और फेसबुक पर 96 यूआरएल की पहचान की गई थी, जिसको प्लेटफॉर्मों से हटा दिया गया है। पंचकूला पुलिस ने सारे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से गाने से जुड़े कुल 857 लिंक हटवा दिए हैं, जिनमें 154 यूट्यूब वीडियो और 703 इंस्टाग्राम रील्स शामिल हैं। इसी के साथ पुलिस उन लोगों की भी पहचान कर रही है, जो इन्हें अब तक शेयर कर रहे हैं। पुलिस ने सभी प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी कर सॉन्ग के सभी वर्जन- री-अपलोड, शॉर्ट वीडियो और अन्य रूपों को हटाने के निर्देश भी दिए हैं।बादशाह की गिरफ्तारी पर लग चुकी रोक बादशाह का टटीरी सॉन्ग 1 मार्च को रिलीज हुआ था। सॉन्ग के रिलीज होने के साथ ही इसमें बादशाह के लिरिक्स और लड़कियों के सीन को लेकर कई सामाजिक संगठनों ने आपत्ति जताई थी। जिसके बाद हरियाणा महिला आयोग और बाल संरक्षण आयोग ने इस पर संज्ञान लिया था। हरियाणा महिला आयोग द्वारा बादशाह को पानीपत में पेशी के लिए बुलाया गया था, जिसमें पेश न होने पर उनकी गिरफ्तारी का ऑर्डर दिया गया। हालांकि, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी और पुलिस से लुकआउट नोटिस वापस लेने को कहा। बादशाह पर दर्ज हुए थे तीन केस बादशाह पर न्यू रिलीज सॉन्ग टटीरी को लेकर हरियाणा में 3 मामले दर्ज हुए हैं। हरियाणा पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें भी गठित कर दी थी। वहीं, लुक आउट सर्कुलर भी जारी कर दिया था। हालांकि, पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने भी सिंगर की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने शर्त रखी कि बादशाह को खुद जांच में सहयोग करना होगा। बता दें कि हरियाणा राय महिला आयोग ने 13 मार्च को पानीपत में बादशाह की गिरफ्तारी के आदेश दिए थे, जिसके बाद गुरुवार को सिंगर को हाईकोर्ट से राहत मिली। सॉन्ग के बारे में जानिए सिमरन ने तीन साल पहले गाया टटीरी सॉन्ग में फीमेल वोकल देने वाली 20 वर्षीय सिमरन जागलान कैथल जिले के पट्टी अफगान गांव की रहने वाली हैं। उनके पिता कर्मबीर फौजी भी हरियाणवी सिंगर हैं। सिमरन ने करीब तीन साल पहले टटीरी सॉन्ग गाया था। बादशाह को उनकी ट्रेडिशनल स्टाइल में गाई हुई आवाज पसंद आई तो दोबारा रिकॉर्डिंग कर मंगाया। इसी के बाद बादशाह ने टटीरी को नए ढंग से पेश किया, जिसमें फीमेल वोकल रिमरन ने दी। जींद में हुई थी गाने की शूटिंग इस गाने की शूटिंग जींद के सचा खेड़ा, नरवाना और दुबई में हुई थी। 26 फरवरी को बादशाह इस गाने के प्रमोशन के लिए हरियाणा के कैथल और सोनीपत पहुंचे थे। वहीं, प्रोडक्शन टीम ने 14 मार्च को सिमरन और बादशाह का मुंबई में एक शो भी शेड्यूल किया था। सॉन्ग के यूट्यूब से हटाए जाने के बाद मुंबई शो भी कैंसिल कर दिया गया। रील्स क्रिएटर्स को जारी हो चुकी वॉर्निंग अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पंचकूला आयुक्त शिबास कविराज ने रील क्रिएटर्स को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जो भी इस गाने पर रील, शॉर्ट या अन्य वीडियो बनाकर शेयर करेगा उसके खिलाफ केस दर्ज एक्शन लिया जाएगा। वहीं, ऐसा करने वालों के सोशल मीडिया अकाउंट्स को ब्लॉक या बैन भी किया जा सकता है। वहीं, बार-बार उल्लंघन करने वालों पर कड़ी धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार भी किया जा सकता है।

### वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**कैथल.** आरकेएसडी कॉलेज के वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने द ट्रिब्यून कार्यालय का दौरा किया। जहां उन्हें मीडिया, विपणन संचार तथा समाचार पत्र के संपादन और मुद्रण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने आधुनिक मुद्रण तकनीकों को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा कि किस प्रकार समाचार पत्र का निर्माण, विज्ञापन प्रबंधन तथा विपणन संचार के माध्यम से मीडिया संस्थान कार्य करते हैं। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने हरियाणा विधानसभा का भी भ्रमण किया, जहां उन्हें विधानसभा की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों ने सामान्य बजट पर चल रही चर्चा को देखा और यह समझा कि किस प्रकार जनहित से जुड़ी नीतियां बनाई जाती हैं तथा राज्य के विकास के लिए बजट तैयार किया जाता है। इस अनुभव से विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था, शासन प्रणाली तथा सार्वजनिक नीति निर्माण की प्रक्रिया की व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई।

## हरियाणा सरकार ने पिछले विधानसभा चुनावों के अपने संकल्प-पत्र के 217 में से 60 वायदों को पूरा कर दिया : सुमन सैनी



**लाडवा.** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब ङ्क्षसह सैनी की धर्मपत्नी एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने पिछले विधानसभा चुनावों के अपने संकल्प-पत्र के 217 में से 60 वायदों को पूरा कर दिया है। 120 वायदों पर काम प्रगति पर है। हरियाणा में नायब सरकार सबका साथ सबका विकास के तहत कार्य कर रही है। सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को धरातल पर लागू किया जा रहा है। सुमन सैनी बुधवार को लाडवा की शिवाला राम कुंडी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी। इससे पूर्व उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के बाद सुमन सैनी ने लाडवा हलके के कार्यकर्ताओं की समस्याओं को भी सुना और उनका समाधान करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बहन-बेटियों को आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत 2,100 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है। अब तक 9 लाख 22 हजार से अधिक बहन-बेटियों को 634 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने गत 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला उद्यमिता मंच की शुरुआत की। यह मंच हमारी उन बहनों के लिए एक वरदान साबित होगा, जो स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं। माता बाला सुंदरी मंदिर में माता के दर्शन कर की पूजा-अर्चना: मुख्यमंत्री नायब ङ्क्षसह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने बुधवार को माता बाला सुंदरी मंदिर में माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा हलके की सुख-समृद्धि की कामना भी की। मंदिर समिति की तरफ से सुमन सैनी को माता बाला सुंदरी का चित्र सम्मान स्वरूप भेंट किया गया।

## महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता ने मोह व माया के प्रभाव से बचकर रहने का किया आह्वान

- धन, संपत्ति या इमारत जैसी भौतिक व सांसारिक वस्तुओं पर अभिमान नहीं करना चाहिए
- मनुष्य को कपट, आडंबर व दंभ को छोडकर स्वाभाविक जीवन जीना चाहिए



पंचकूला ऑब्जर्वर

**हिसार.** श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में नवरात्रों में शुरू हुई श्रीराम कथा व आध्यात्मिक प्रवचनों का सिलसिला जारी है। भक्तगण प्रतिदिन कथा व्यास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता के श्रीमुख से प्रवचन सुनकर लाभान्वित हो रहे हैं। श्रीराम कथा के पांचवें दिन स्वामी संतोषी माता ने छल, कपट, मोह व माया पर आधारित विस्तृत प्रवचन दिए।

उन्होंने समझाया कि मनुष्य लोभ और माया के फेर में पड़ा रहता है। आज के समय में इंसान के पास धन, संपत्ति या जो इमारत है, वह पहले किसी और का था और आने वाले समय में भी किसी और का होगा। जो भी सांसारिक और भौतिक वस्तु है, वह हमेशा रहने वाली नहीं है। इसलिए इन वस्तुओं पर अभिमान नहीं करना चाहिए। इसके विपरीत अपने आप को भगवान के प्रति समर्पित करना चाहिए और यह कहना चाहिए कि मेरा तो बस भगवान ही है। उन्होंने कहा कि मोह, माया और आसक्ति से भी बचकर रहना चाहिए। यह सिर्फ मेरा है और मेरा ही रहेगा, इस भावना को उत्पन्न नहीं होने देना चाहिए। मनुष्य को यह सोचना चाहिए कि जो कुछ भी है वह प्रभु तेरा ही है। श्रीराम कथा के पांचवें दिन मां संतोषी आश्रम की प्रबंधन कमेटी के प्रधान महासचिव सुशील बुड़ाकिया ने तिलक करके कथा व्यास स्वामी संतोषी माता का अभिनंदन किया। प्रेम काठपाल, फकीर चंद, मोनिका खारिया व सविता देवी अग्रवाल ने स्वामी संतोषी माता को माला भेंट करके अपनी आस्था व्यक्त की। इस दौरान मां संतोषी आश्रम की प्रबंधन कमेटी के संयोजक राजमल काजल एवं अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण भी मौजूद रहे। मॉडल टाउन स्थित मां संतोषी आश्रम में कथा व्यास स्वामी संतोषी माता ने कहा कि जब इंसान पैदा होता है तो उसके पास केवल सांस होती है। समय के साथ उसका नामकरण होता है और उसे किसी सांसारिक नाम से संबोधित किया जाता है। जब इंसान इस नश्वर संसार को त्याग देता है तो केवल उसका नाम बचता है। दरअसल सांस और नाम के बीच की यात्रा ही जीवन यात्रा है। इस जीवन यात्रा को कितना सार्थक बनाना है यह विचारणीय विषय है। स्वामी संतोषी माता ने कहा कि मनुष्य भीतर से होता कुछ है और दिखाता कुछ है। वह दोहरा जीवन जीता है। वास्तव में इंसान को छल-कपट छोड?र स्वाभाविक जीवन जीना चाहिए। उसे आडंबर व दंभ रहित जीवन को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग अपने आप को बहुत बड़ा ज्ञानी व भक्त कहलवाना पसंद करते हैं, चाहे उनके भीतर कटपता छिपी हो। इसलिए मनुष्य को सहज, स्वाभाविक होते हुए प्रभु के प्रति समर्पण भाव रखना चाहिए।

मां संतोषी आश्रम की प्रबंधन कमेटी के संयोजक राजमल काजल ने बताया कि मॉडल टाउन में स्थित मां संतोषी आश्रम में 27 मार्च तक नवरात्र महोत्सव मनाया जाएगा। स्वामी संतोषी माता के सान्निध्य में वैदिक विद्वानों द्वारा प्रतिदिन प्रात पूजा व दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है। स्वामी संतोषी माता प्रतिदिन सायं 4 बजे से श्रीराम कथा का अमृतपान करवा रही हैं।

उन्होंने बताया कि 27 मार्च को प्रात पूजा-पाठ, प्रवचन व कन्या पूजन किया जाएगा। इसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था रहेगी।

## माध्यमिक एवं वरिष्ठ कक्षाओं के 504 विद्यार्थी छात्रवृत्ति हेतु चयनित

पंचकूला ऑब्जर्वर

**भिवानी.** उक्त विचार आज वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जनता जनार्दन से खचाखच भरे सभागार में माध्यमिक एवं वरिष्ठ कक्षाओं के वार्षिक परिणामोत्सव के अवसर पर वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित अधिवक्ता श्री शिवरतन जी गुप्ता ने कहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षकों की मेहनत एवं अभिभावकों की तपस्या ही बच्चों को उत्तम परीक्षा परिणाम लाने में सहायक सिद्ध होती है।

इस अवसर पर वैश्य महाविद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के महासचिव डॉ. पवन कुमार बुवानीवाला, वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कोषाध्यक्ष श्री सुंदरलाल जी अग्रवाल, कर्मठ एवं जुझारू सदस्य प्रवीण गर्ग, श्री पवन अग्रवाल, अभिभावक प्रतिनिधि श्री कमल गोयल व श्रीमती शालू जैन, आदर्श महिला महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अलका मित्तल तथा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती कमला गुरेजा ने विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा का शुभारंभ किया। प्राचार्या श्रीमती कमला गुरेजा ने उपस्थित महानुभावों का शब्दों के माध्यम से स्वागत करते हुए संक्षेप में विद्यालय की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान सत्र में कक्षा 6 से 9 तथा 11वीं में कुल 1561 विद्यार्थियों में से 504 विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति प्राप्त की है। वर्ष दर वर्ष छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि हो रही है जो विद्यालय एवं अभिभावकों के लिए गर्व की बात है।

विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए वर्षभर अंतर्सदनीय गतिविधियां आयोजित की जाती हैं तथा विभिन्न क्लबों की सदस्यता प्राप्त कर विद्यार्थी अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन एवं संवर्धन करते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम शिव स्तुति ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। परीक्षा परिणाम के बीच-बीच में विद्यार्थियों ने अनेक रंगारंग व प्रेरणादायी प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को तालियां बजाने पर विवश कर दिया। इतिहास के पन्नों को जीवंत करती लघु नृत्य-नाटिका 'रानी पद्मावती का जौहर' देखकर सभी दर्शक भावविह्वल हो गए और सारा सभागार तालियों से गूंज उठा। वर्तमान जीवनशैली को दर्शाती लघु नाटिका 'पेटू राजा' के माध्यम से जंक फूड के दुष्परिणामों से अवगत करवाने के साथ-साथ यह संदेश दिया गया कि— जैसा खाओगे आहार, वैसा होगा व्यवहार। इस अवसर पर पूर्व महासचिव श्री पवन कुमार बुवानीवाला ने कहा कि विद्यार्थियो के शिक्षा के प्रति अथक परिश्रम के कारण पिछले 46 से भी अधिक वर्षों से विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है।

### सब्जी मंडी और हालू बाजार क्षेत्र में 75 हजार रूपए काटे तीन चालान

**भिवानी.** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व नगर परिषद् की टीम ने जेईई चंचल के नेतृत्व में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन का उपयोग पर रोक लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से शहर में विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया गया। इस दौरान सब्जी मंडी और हालू बाजार क्षेत्र में 75 हजार रुपए के तीन चालान काटे गए। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि नगर परिषद के साथ मिलकर शहर में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान सब्जी मंडी और हालू बाजार क्षेत्र में छापेमारी की गई। प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन के प्रयोग करने पर तीन लोगों के चालान काटे गए और उन पर 75 हजार जुर्माना लगाया है।

**कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक दीदी ने गौमाता की महिमा से करवाया साक्षात्कार**

## सरस्वती कॉलेज में श्रीमद गौ भागवत कथा शुरू, 30 मार्च तक चलेगा गौ शक्ति जागरण अनुष्ठान

पंचकूला ऑब्जर्वर



**हिसार.** मातृभूमि सेवा संघ, गौसेवा गतिविधि एवं काबरेल के केशव माधव धाम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती कॉलेज प्रांगण में श्रीमद गौ भागवत कथा का शुभारंभ विधि-विधान से किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ?र हिस्सा लिया। कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक दीदी ने गोमाता की महिमा से साक्षात्कार करवाते हुए श्रीमद गौ भागवत कथा के उद्देश्य को समझाया। उन्होंने कहा कि हमारे तीर्थ, त्योहार और पौराणिक कथाओं से गोमाता जुड़ी हुई है। धर्म ग्रंथ साक्षी हैं कि भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं गोचारण किया और अनगिनत श्रद्धालु हर वर्ष पूरे उत्साह के साथ गोपाष्मी मनाते हैं। गोवर्धन पर्वत के प्रसंग को समझकर सहज ही गोमाता का महत्व समझा जा सकता है। कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक ने श्रीमद गौ भागवत कथा के दौरान कहा कि स्वास्थ्य व खुशहाली के लिए इंसान को गौ आधारित जीवन जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग नियमित रूप से पंचगव्य उत्पादों का इस्तेमाल करते हैं, वे इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि सौभाग्यशाली इंसान को ही गौकथा श्रवण करने का अवसर मिलता है। दरअसल गौकथा दिव्यजीवी बनाती है। यह सर्वकल्याणकारी और पुण्य को बढ़ाने वाली है और अमृत के समान है। हिसार के तोशाम रोड पर स्थित सरस्वती कॉलेज के प्रांगण शुरू हुई श्रीमद गौ भागवत कथा के दौरान अखिल भारतीय गौ सेवा संयोजक अजीत महापात्रा, एफसीआई के सेवानिवृत्त उच्च अधिकारी देशराज मनचंदा, परम गौभक्त व समाजसेवी बजरंग जिंदल, गौसेवा गतिविधि जिला संयोजक एवं प्रांत गौकथा प्रमुख राजवीर एवं कमल सर्राफ ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर गौ शक्ति जागरण अनुष्ठान संचालन समिति के व्यवस्था प्रमुख विकास ढल, विजय ढल व दीपक ढल परिवार सहित मौजूद रहे। इस दौरान मंच संचालन नीरज कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सह व्यवस्था प्रमुख रणधीर झाझडि?ा, संजय, पवन बिंदल, नरदेव शर्मा व राजेश कुमार गौतम भी विशेष रूप से मौजूद रहे। सरस्वती कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में आठ दिवसीय श्री सुरभि गौ महायज्ञ व सात दिवसीय श्रीमद गौ भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अनुष्ठान के लिए प्रात भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। मातृभूमि सेवा संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक दीदी ने सवा 13 करोड़ श्री सुरभि मंत्र जाप का संकल्प लिया है। इसी के तहत महेंद्रगढ़ में प्रथम खड़ का अनुष्ठान किया गया। अब द्वितीय खंड का गौ शक्ति जागरण अनुष्ठान सरस्वती कॉलेज में शुरू हो गया है। यहां पर श्री सुरभि गौ महायज्ञ एवं सवा करोड़ श्री सुरभि मंत्र जाप अनुष्ठान किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिदिन 108 कुंडीय दशांश महायज्ञ होगा। गौकथा में 25 मार्च को समुद्र मंथन व कामधेनु गौमाता का प्राकट्य प्रसंग रहेगा। 26 मार्च को श्रीकृष्ण प्राकट्य महोत्सव की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। 27 मार्च को क्षीर सिंधु की उत्पत्ति, कृष्ण बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजन एवं गोमय महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा। 28 मार्च को श्रीकृष्ण द्वारकाधीश चरित्र (रुक्मणि मंगल) पर आधारित प्रवचन रहेंगे और 29 मार्च को सुदामा चरित्र, गौसेवा, गौपूजा, गौदान व गौ नवरात्र का महत्व समझाया जाएगा। 30 मार्च को प्रात 9 बजे पूर्णाहुति गौ महायज्ञ के उपरांत भंडारा शुरू किया जाएगा।

## रोमांस की नई मिसाल बना 'तेरे बिना क्या है जीना'

महाराजा म्यूज़िक ने अपने नए रोमांटिक गाने तेरे बिना क्या है जीना के साथ एक बार फिर संगीत प्रेमियों के दिलों को छू लिया है। इस गाने को अश्विन महाराज ने प्रस्तुत किया है और वही इसके निर्माता भी हैं। गाने में टर्सी एम. फर्नांडिस और अक्षय सेठी की केमिस्ट्री दर्शकों को खासा पसंद आ रही है, जो प्यार और जुदाई के एहसास को खूबसूरती से पर्दे पर उतारती है। गाने को शंकर दास की दिलकश आवाज़ ने और भी भावपूर्ण बना दिया है, जबकि सतीश त्रिपाठी द्वारा लिखा गया संगीत और बोल सीधे दिल में उतरते हैं। इसमें इस्तेमाल किए गए इलेक्ट्रिक, एकॉस्टिक और रिदम गिटार, जिन्हें नील ने बजाया है, गाने को एक अलग ही संगीतात्मक गहराई देते हैं। वीडियो का निर्देशन खुद अश्विन महाराज ने किया है, जिसमें आनंद भकुनी ने सहायक निर्देशक के रूप में सहयोग दिया। नवीन कुमार की सिनेमैटोग्राफी और सगीर चुडेसरा का एडिट और डीआई गाने को विजुअली भी बेहद आकर्षक बनाते हैं। यह खूबसूरत रोमांटिक गीत महाराजा म्यूज़िक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ हो चुका है और तेजी से दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो रहा है।

## 'ऐ अजनबी'~ कोक स्टूडियो भारत सीजन 4 की तड़प भरी शुरुआत

भारत की समृद्ध और बहुरंगी संगीत परंपरा को नए अंदाज़ में पेश करने वाला मंच कोक स्टूडियो भारत एक बार फिर अपने चौथे सीजन के साथ लौट आया है, और इसकी शुरुआत हुई है बेहद भावुक ट्रैक 'ऐ अजनबी' से। यह गाना सिर्फ एक धुन नहीं, बल्कि उन अनकहे जज़्बातों की कहानी है जो वक्त के साथ बदलते नहीं—सिर्फ उनके इज़हार के तरीके बदल जाते हैं। आदित्य रिखारी की सादगी भरी आवाज़, लोक संगीत के उस्ताद कुतले खान की रूहानी गहराई और रैवाटॉर के आधुनिक प्रोडक्शन का संगम इस गीत को एक अनोखी पहचान देता है। 'ऐ अजनबी' दो दौरों के बीच संवाद जैसा लगता है—एक वो दौर जब प्यार चिट्ठियों में सांस लेता था, और दूसरा जब वही एहसास अनसेंट मैसेज में कैद रह जाता है। यह गीत न सिर्फ यादों की नरमी को छूता है, बल्कि आज की बेचैनियों को भी उतनी ही शिद्दत से महसूस कराता है। लोक और पॉप के मेल से तैयार यह ट्रैक साबित करता है कि संगीत की असली ताकत समय की सीमाओं को पार कर दिलों को जोड़ने में है। 'ऐ अजनबी' के साथ कोक स्टूडियो भारत ने एक बार फिर यह जता दिया है कि बदलते दौर में भी भावनाएं हमेशा अमर रहती हैं।

## अब अमेरिका में बजेगी रश्मि देसाई के नाटक की धुन

भारतीय थिएटर की दुनिया में एक नई कहानी लिखी जा रही है, और इसकी सूत्रधार हैं रश्मि देसाई। भारत में जबरदस्त सफलता हासिल करने के बाद उनका चर्चित गुजराती नाटक अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर कदम रखने जा रहा है। 100 से अधिक सफल शो के साथ यह प्रोडक्शन न केवल दर्शकों के दिलों में जगह बना चुका है, बल्कि अब अमेरिका के प्रमुख शहरों—बोस्टन, न्यू जर्सी और अटलांटा में मंचित किया जाएगा। इस नाटक का निर्माण आसिफ पटेल ने किया है। खास बात यह है कि शुरुआत में केवल 20 शो की योजना बनाई गई थी, लेकिन दर्शकों के जबरदस्त रिस्पॉन्स के चलते इसे लगातार बढ़ाया गया। यह नाटक अपनी भावनात्मक कहानी, सशक्त पटकथा और कलाकारों के शानदार अभिनय के कारण दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुका है। अपने इस सफर को लेकर रश्मि देसाई कहती हैं, गुजराती थिएटर को भारत से बाहर ले जाना मेरे लिए बेहद खास है। हमें जो प्यार मिला है, वह अभूतपूर्व है। मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद न तो मेरा उत्साह कम हुआ है और न ही दर्शकों का। बल्कि इसने हमारे जुड़ाव को और मजबूत किया है। 2026 मेरे लिए नई संभावनाएं लेकर आ रहा है, और मैं आगे के सफर को लेकर बेहद उत्साहित हूं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते कदमों के साथ, यह थिएटर प्रोडक्शन अब सिर्फ एक नाटक नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और कहानी कहने की परंपरा का प्रतिनिधि बनता जा रहा है। भारत में मजबूत नींव और वैश्विक मंच पर बढ़ती पहचान के साथ, रश्मि देसाई की यह थिएटर यात्रा लगातार नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही है। यह साबित करते हुए कि अच्छी कहानी की कोई सीमा नहीं होती।



# उर्वशी रौतेला के अंदाज पर फिदा हुई शोभा डे



जहां आजकल सेलिब्रिटी अपीयरेंस अक्सर एक तय फॉर्मूले में सिमटती नजर आती हैं, वहीं उर्वशी रौतेला ने एक बार फिर साबित कर दिया कि असली स्टारडम सहजता और सच्चाई में बसता है। हाल ही में एक हाई-प्रोफाइल मैगज़ीन इवेंट में उनका अंदाज़ कुछ ऐसा रहा कि न सिर्फ दर्शक, बल्कि दिग्गज लेखिका शोभा डे भी उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाईं। मुंबई में आयोजित इस खास मैगज़ीन इवेंट में जैसे ही उर्वशी रौतेला ने एंट्री की, माहौल में एक अलग ही ऊर्जा महसूस होने लगी। उनकी मौजूदगी में ग्लैमर तो था ही, लेकिन उससे कहीं ज्यादा था एक नेचुरल चार्म, जिसने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। शाम का सबसे यादगार पल तब आया जब उर्वशी का वायरल 卐डबिडी डिबिडी卐 मोमेंट सामने आया। यह कोई प्लान किया हुआ प्रदर्शन नहीं था, बल्कि एक सहज, दिल से निकला हुआ एक्सप्रेशन था जिसने वहां मौजूद हर शख्स के चेहरे पर मुस्कान ला दी। इस पल की खासियत सिर्फ इसकी फन एनर्जी नहीं थी, बल्कि उसमें झलकती सच्चाई और बेफिक्री थी। शोभा डे, जो अपनी बेबाक और सटीक टिप्पणियों के लिए जानी जाती हैं, उन्होंने भी उर्वशी की इस सहजता की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे फॉर्मल माहौल में भी इस तरह की खुशी और सहजता लाना बेहद खास है। इवेंट में मौजूद लोगों ने इसे सिर्फ एक अपीयरेंस नहीं, बल्कि एक अनुभव बताया जहां स्टार और दर्शकों के बीच की दूरी जैसे मिट गई हो। उर्वशी की मुस्कान, उनके एक्सप्रेशंस और हल्के-फुल्के डांस मूव्स ने हर किसी को उनसे जोड़ दिया। आज जब हर चीज़ को परफेक्ट बनाने की होड़ लगी है, उर्वशी रौतेला का यह अनफिल्टर्ड अंदाज़ एक ताजगी भरी हवा जैसा लगा। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस पल को लोग सिर्फ देख नहीं रहे, बल्कि महसूस भी कर रहे हैं। आखिरकार, उर्वशी ने सिर्फ एक इवेंट में हिस्सा नहीं लिया—उन्होंने एक यादगार एहसास रचा। और यही बात उन्हें भीड़ से अलग बनाती है।

## पलक तिवारी का ग्लैमरस लुक छाया, ब्लैक ड्रेस में जीता फैंस का दिल



पलक तिवारी एक बार फिर अपने स्टाइल और ग्लैमर से सुर्खियों में हैं। हाल ही में वह एक इवेंट में ब्लैक ड्रेस पहनकर पहुंचीं, जहां उनका कातिलाना अंदाज और दिलकश अदाएं देखते ही बन रही थीं। उनका यह लुक इतना स्टाइलिश था कि हर किसी की नजरें उन पर टिक गईं और फैंस भी उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं। यह मौका एक बड़े शो के अनाउंसमेंट इवेंट का था, जहां पलक बेहद सज-धजकर पहुंचीं। उनकी ब्लैक शिमरी ड्रेस ने उन्हें एक क्लासी और एलिगेंट लुक दिया। उन्होंने अपने पूरे स्टाइल को बहुत सिंपल लेकिन प्रभावशाली रखा, जिससे उनका लुक और भी निखरकर सामने आया। पलक ने इस इवेंट के लिए ब्लैक कलर की फिशनेट मिडी ड्रेस पहनी थी। इस ड्रेस का फिटिंग बॉडी-हगिंग था, जो उनके फिगर को खूबसूरती से फ्लॉन्ट कर रहा था। ऑफ-शोल्डर नेकलाइन ने उनके लुक को और ज्यादा ग्लैमरस बना दिया। ड्रेस में साइड कटआउट और फिशनेट डिजाइन था, जो उनके पूरे लुक में एक स्टाइलिश और थोड़ा बोल्ड टच जोड़ रहा था। इस ड्रेस में सेक्विन वर्क किया गया था, जिससे हल्की-हल्की शाइन आ रही थी। लाइट पड़ते ही ड्रेस में स्पार्कल इफेक्ट दिख रहा था, जो इसे पार्टी या कॉकटेल इवेंट के लिए परफेक्ट बना रहा था। ड्रेस की खास बात थी इसकी बो (क्ब्भ2) और बटन डिटेलिंग। नेकलाइन के पास बने सिल्वर बो और नीचे तक लगे बटन इस लुक को यूनिक और अलग बना रहे थे। ब्लैक और सिल्वर का कॉम्बिनेशन काफी क्लासी लग रहा था। पलक ने अपने लुक को ओवरडन नहीं किया। उन्होंने सिर्फ छोटे डायमंड ड्रॉप ईयररिंग्स पहने, जो उनके आउटफिट को खूबसूरती से कॉम्प्लिमेंट कर रहे थे। इसके साथ उन्होंने ब्लैक हील्स पहनी, जिससे उनका पूरा लुक बैलेंस्ड और एलिगेंट नजर आया। हेयर और मेकअप के मामले में भी पलक ने सादगी बनाए रखी। उन्होंने सॉफ्ट वेवी हेयर और न्यूड ग्लॉसी मेकअप चुना। यह मेकअप न ज्यादा भारी था और न ही बहुत सिंपल, बल्कि उनके पूरे लुक को परफेक्ट तरीके से बैलेंस कर रहा था। पार्टी के लिए सेक्विन या शिमरी ड्रेस चुनें। डार्क कलर जैसे ब्लैक को प्राथमिकता दें। जूलरी को कम रखें, ताकि लुक क्लासी लगे। ऑफ-शोल्डर डिजाइन ट्राई करें। मेकअप को न्यूड या सटल रखें।

## कृष्णा गौतम ने रेड कार्पेट पर रचा एलिगेंस का नया अंदाज़





ग्लैमर और हाई फैशन से सजी एक यादगार शाम में, कृष्णा गौतम ने अपने स्टाइल से सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हेलो! अवॉर्ड्स के रेड कार्पेट पर उनका नीला ट्यूनिक लुक सिर्फ एक आउटफिट नहीं, बल्कि एक सोच का बयान था जहां सादगी, आधुनिकता और आत्मविश्वास का खूबसूरत संगम देखने को मिला। जब बाकी सितारे भारी-भरकम गाउन्स में नजर आ रहे थे, तब कृष्णा ने अपने मिनिमल लेकिन प्रभावशाली अंदाज़ से यह साबित कर दिया कि असली स्टाइल वही है जो सहज लगे और दिल को छू जाए। नीले ट्यूनिक ड्रेस का फ्लुइड स्ट्रक्चर और मॉडर्न कट इसे खास बना रहा था। नीले रंग की गहराई उनके व्यक्तित्व के साथ पूरी तरह मेल खा रही थी, वहीं इसकी सादगी भरी डिटेलिंग उनके नैचुरल चार्म को उभार रही थी। कृष्णा की स्टाइलिंग ने इस लुक को और भी खास बना दिया। उन्होंने एक्सेसरीज़ को बेहद सीमित रखा। हल्के इयररिंग्स और स्लीक हील्स के साथ जिससे पूरा फोकस उनके आउटफिट पर बना रहा। उनके सॉफ्ट वेव्स हेयरस्टाइल और डेवी मेकअप ने उनके पूरे लुक में एक ताजगी और एलिगेंस जोड़ दी। फैशन प्रेमियों के लिए यह लुक इसलिए भी खास रहा क्योंकि इसमें आराम और स्टाइल का बेहतरीन मेल दिखा। ट्यूनिक, जिसे आमतौर पर एक कैज़ुअल परिधान माना जाता है, कृष्णा ने उसे रेड कार्पेट पर एक हाई-फैशन स्टेटमेंट में बदल दिया। लेकिन इस पूरे लुक की असली ताकत था उनका आत्मविश्वास। कृष्णा गौतम ने इसे जिस गरिमा और सहजता के साथ कैरी किया, उसने हर नजर को ठहरने पर मजबूर कर दिया। कई भव्य परिधानों के बीच, कृष्णा ने यह साबित कर दिया कि सादगी में भी असाधारण सुंदरता छिपी होती है—बस उसे सही तरीके से प्रस्तुत करना आना चाहिए।

## पहली नज़र को सलाम 2 ने पकड़ी रफ्तार



मुंबई की हलचल भरी फिज़ाओं में एक बार फिर रोमांस, ड्रामा और भावनाओं की नई कहानी आकार ले रही है। प्रतिभाशाली अभिनेता राज रंजीत और टेलीविजन की लोकप्रिय अभिनेत्री युक्ति कपूर की बहुप्रतीक्षित हिंदी फ़िल्म पहली नज़र को सलाम 2 की शूटिंग शुरू हो चुकी है। पहले ही दिन एक खूबसूरत रोमांटिक गीत की शूटिंग के साथ फिल्म ने अपने रंग दिखाने शुरू कर दिए, जहां दोनों कलाकारों की शानदार केमिस्ट्री ने सेट पर मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया। निर्देशक और लेखक संतोष मिश्रा के निर्देशन में बन रही यह फिल्म सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि राजनीति की पृष्ठभूमि पर बुनी गई भावनाओं की गहराई को भी सामने लाएगी।

## सिर्फ 20 दिन मिलता ये खास फल, शुगर से लेकर वजन घटाने में सहायक



गर्मियों के मौसम में बाजारों में एक छोटा लेकिन खास फल लोगों का ध्यान खींचता है शहतूत। लाल और काले रंग में मिलने वाला यह फल भले ही दिखने में साधारण लगे, लेकिन इसके स्वास्थ्य लाभ जबरदस्त हैं। शहतूत का सीजन बहुत छोटा होता है, आमतौर पर यह सिर्फ 15 से 20 दिन ही बाजार में मिलता है। इसी वजह से इसका इंतजार सालभर किया जाता है। शहतूत का स्वाद मीठा, हल्का खट्टा और थोड़ा कसैला होता है। इसके छिलके या बड़े बीज नहीं होते, इसलिए इसे सीधे खाया जा सकता है। यह फल ज्यादातर जंगलों या पेड़ों पर प्राकृतिक रूप से उगता है और सीमित मात्रा में ही बाजार तक पहुंच पाता है। बच्चे हों या बड़े, हर किसी को इसका स्वाद पसंद आता है। शहतूत में विटामिन सी, आयरन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। यह फल शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ कई बीमारियों से बचाने में मदद करता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है विटामिन सी से भरपूर होने के कारण शहतूत शरीर की इम्यूनिटी को मजबूत करता है। पाचन सुधारता है फाइबर की मौजूदगी से कब्ज, गैस और अपच जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। ब्लड सर्कुलेशन सुधारता है इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स रक्त संचार को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।

शुगर नियंत्रण में मदद - शहतूत के तत्व ब्लड शुगर लेवल को संतुलित रखने में कारगर होते हैं। त्वचा और आंखों के लिए फायदेमंद नियमित सेवन से स्किन ग्लो करती है और आंखों की रोशनी बढ़ती है। वजन घटाने में सहायक कम कैलोरी और ज्यादा फाइबर होने के कारण यह वजन घटाने में भी मदद करता है। गर्मी में शरीर को ठंडा रखना बेहद जरूरी होता है। शहतूत की तासीर ठंडी होती है, जिससे शरीर को ठंडक मिलती है और डिहाइड्रेशन से बचाव होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, रोजाना आधा से एक कप ताजा शहतूत खाना सुरक्षित और फायदेमंद माना जाता है। शहतूत सिर्फ एक फल नहीं, बल्कि गर्मियों का नैचुरल हेल्थ टॉनिक है। स्वाद और सेहत दोनों का जबरदस्त कॉम्बिनेशन होने की वजह से इसे गर्मियों में जरूर खाना चाहिए। इस मौसमी फल का आनंद लेना और इसके फायदे उठाना आपके लिए स्वास्थ्यवर्धक साबित होगा।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com